# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री



12 आयुष्मान कार्ड के लिए 70 बुजुर्गों का पंजीयन






12 जलवायु परिवर्तन से फसलों में बढ़ रही बीमारी






## खबर संक्षेप



### भद्रकाली मंदिर का स्थापना दिवस कल

**बलौदाबाजार।** लवन रोड स्थित शिवशक्ति भद्रकाली मंदिर के छठवें स्थापना दिवस पर 2 दिसंबर सोमवार को मंदिर प्रांगण में भण्डारा का आयोजन दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक रखा गया है। इस संबंध में मंदिर के संस्थापक राकेश पटकर ने बताया है कि स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

### धीवर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**खरोरा।** ग्राम–तरपोंगी में धीवर समाज रायखेड़ा परगना द्वारा धीवर युवाओं का रविवार को प्रतिभा सम्मान का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम के संजोयक रायखेड़ा परगना के अध्यक्ष अशोक धीवर ने बताया, कि युवा पीढ़ी समाज व देश का भविष्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रायखेड़ा परगना के 61 गांवों में घरोघर पाम्पलेट द्वारा सूचना देकर भारी संख्या में युवाओं को सहभागी होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें गायन, वादन, लेखन, पठन–पाठन, खेलकूद में अग्रणी, मूर्तिकारी व चित्रकारी सहित कई ऐसे कला व कार्य, जिससे समाज को गर्व हो, करने वाले 18 से 35 वर्ष के युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### शराब पीने की सुविधा देने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा देने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ईश्वर ध्रुव नाम का व्यक्ति बस स्टैंड के पीछे वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा द्वारा उपलब्ध करा रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी ईश्वर ध्रुव पिता पांडूराम ध्रव (36 साल) वार्ड 07 कर्रापारा बागबाहरा के खिलाफ कार्रवाई की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह तुमगांव पुलिस ने ग्राम पिरदा में होटल में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी श्याम लाल पटेल पिता कुनु राम पटेल (60 साल) ग्राम पिरदा के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**राजनीति : कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप**

# धान खरीदी के वायदों पर खरा नहीं उतर रही छत्तीसगढ़ सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ की साय सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। सरकार धान नहीं खरीदने का षड़यंत्र कर रही है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, बलौदाबाजार ग्रामीण के अध्यक्ष विक्रम गिरी, शहर अध्यक्ष रुपेश ठाकुर, जिला कांग्रेस महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, रोहित साहू, मनोज प्रजापति ने संयुक्त बयान में लगाया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार-रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही हैं, उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा है। सोसायटी को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यहीं 1880 कट्टा धान ही खरीद जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिए उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है।

### खरीदी का पूरा दाम एक साथ नहीं दिया जा रहा




### धान मिलिंग की घटाई राशि

धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 700 नई राइस मिले खुली थी। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपया को घटाकर 60 रुपया कर दिया है। इस कारण राइस मिलर हड़ताल पर है धान सोसायटी में जाम है। मिलरों को 120 की जगह 60 रुपया देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मिलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं।

### धान उठाव की कोई समय सीमा नहीं

नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास यह अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सके। अब जो बदलाव हुआ है, उसके बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केंद्रों में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ा कर 31 मार्च कर दिया गया है। धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को यानी समितियों संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रहेगा।

### किसानों को नहीं मिल रहा टोकन

आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपया में करें, क्योंकि 3100 रु. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया हैं। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ाने पर कांग्रेस ने 2640 रुपए में धान खरीदी की थी। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया हैं।

### आनावारी रिपोर्ट भी गलत बनायी जा रही

सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे उनके खाते में रकम नहीं आयी है जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 नहीं है, सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है जो समर्थन मूल्य है उतना। आनावरी रिपोर्ट गलत बनायी जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा की गई है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सोसायटी में बारदाना की कमी है। किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत पुराना बारदाना समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते हैं।

# कलेक्टर ने वीडियो कॉल से पीएससी टॉपर और उनके परिजन से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने व ग्राम कोसमंदी निवासी टॉपर रविशंकर वर्मा को कलेक्टर दीपक सोनी ने वीडियो कॉल के जरिए बधाई दी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देने के लिए श्री वर्मा को आमंत्रित किया। श्री वर्मा ने भी आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों बलौदाबाजार आने की बात कही। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में कोरिया जिले में रोजगार अधिकारी के रूप में पदस्थ है, प्रशासनिक अकादमी निमोरा में अभी ट्रेनिंग चल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारिक पृष्ठभूमि भी बताया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सोनी ने कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगी के 19वीं रैंक हासिल करने वाले अजय कुमार देवांगन और उनके पिता से बातचीत कर बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

# आईपीएस अजय कुमार ने जनता को दिया निजात का संदेश




**खरोरा।** सेंट पॉल चर्च ई मि स्कूल में आनन्द मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे नगर पालिका अध्यक्ष ने स्कूल के विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि आनंद मेला में भी बड़ी उत्साह एवं उमंग देखने को मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि आईपीएस अजय कुमार ने नशा से निजात का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है उन्हें निजात की आवश्यकता है। उन्हें दृढ़ निश्चय करना होगा। इस अवसर पर प्राचार्य पल्लवी मिंज, रोशना डेविड, टी आई रोहित मालेकर, जयदीप रॉबिनसन उपस्थित थे।

# खेलकूद स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में शनिवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस आयोजन में 300 से अधिक बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिस्पर्धा पेश की। जलेबी दौड़ में सुभाष चंद्र बोस दल ने जीत हासिल की। बोरा रेस में चंद्रशेखर आजाद दल ने बाजी मारी, स्लो साइकिल रेस में वीर नारायण सिंह की टीम विजेता रही। स्नेक रेस में भगत सिंह दल का दबदबा रहा। कबड्डी में चंद्रशेखर आजाद दल, और खो-खो सुभाष चंद्र बोस दल ने जीत दर्ज की। इन बच्चों के खेल प्रदर्शन को देख दर्शकों ने तालियां बजा कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य पी आर वर्मा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के स्टाफ, अभिभावकों और बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हार–जीत अपनी जगह है, लेकिन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रभारी दिलेश्वर मढ़रिया, शैल वर्मा, सीमा वर्मा, ⏩ शेष पेज 11 पर



### वीर नारायण सिंह, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद दल के बीच हुई प्रतिस्पर्धा

खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान विद्यालय के शिक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, स्लो साइकिल रेस, स्नेक रेस, लोटा दौड़, कुर्सी दौड़, लंबी दौड़ सहित कई रोमांचक खेलों में भाग लिया। चार दल वीर नारायण सिंह, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद के बीच प्रतिस्पर्धा हुई।

# किसान का बेटा बना डिप्टी कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें ग्राम कोसमंदी निवासी रविशंकर वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। गौरतलब हो कि रविशंकर के पिता बाल कृष्ण वर्मा गांव में किसान हैं। माता योगेश्वरी वर्मा गृहणी हैं। सीजीपीएससी के टॉपर रविशंकर वर्मा गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की शुरुआत की। रविशंकर के डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होने पर कुर्मी समाज ने हर्ष जताया है। इसमें हरिशंकर वर्मा, खोड़स कश्यप, खिलेन्द्र वर्मा, नपं अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, नंद वर्मा, हेमंत वर्मा, कुर्मी क्षत्रिय ⏩ शेष पेज 11 पर

# मौसम ने बढ़ाया किसानों का टेंशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

शनिवार को अचानक बदला मौसम और उसके साथ हुई हल्की बारिश ने किसानों की चिंता और भी बढ़ा दी है।

इस समय धान फसल कटकर पूरी तरह से तैयार हो चुकी है और किसान इसे अपनी मेहनत और समय का फल समझ रहे हैं। घर के बाहर, आंगन, कमरे और खेत में धान का ढेर लगा हुआ है, जिसे वे अब सोसाइटी में बेचने के लिए तैयार कर रहे हैं। किसानों को अपनी मेहनत का पूरा मूल्य मिल जाए, इस आशा में वे टोकन कटवाने के लिए सोसाइटी में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468





## खबर संक्षेप



### आयुष्मान कार्ड बनाने ऑनलाइन प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुष्मान भारत योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके तथा आसानी से आयुष्मान कार्ड बनकर मिले सके। इसके लिए शुक्रवार को राजधानी रायपुर में निगम उपायुक्त राजेश्वरी पटेल ने नगर निगम सिटी मिशन इकाई के मिशन प्रबंधकों, लोकसेवा केंद्रों के संचालकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड योजना अधिकारी अमित पटेल, निगम के प्रोग्रामर आर.एस. एक्का सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीमार गाय को मिला तत्काल उपचार



**रायपुर।** राजधानी के सुंदर नगर में एक गाय के बीमार होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पशु विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर गाय का इलाज किए। इसकी शिकायत सुंदर नगर निवासी संदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन के माध्यम से की थी। इसके बाद कलेक्टोरेट से संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल गाय का उपचार करवाया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री से सीएम साय ने की मुलाकात



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शुक्रवार शाम अपने निवास पर, छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री सोमन्ना का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना से राज्य में रेल परियोजनाओं के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी. दयानंद और डॉ. बसवराजु एस., डीआरएम रायपुर संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल डेका ने किया किताब का विमोचन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में केंद्रीय विद्यालय सरायपाली की प्राचार्य डॉ. सीमा प्रधान द्वारा लिखित 'एक छात्र का मुकदमा' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच के संबंधों पर आधारित है। ऐसे विद्यार्थियों को जगाने के लिए है जो डिग्री प्राप्त करने के लिए अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हैं। इसमें अभिभावकों के लिए भी संदेश है।

### धान का अवैध परिवहन 80 क्विंटल जब्त

**रायपुर।** उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने के बाद अब धान का अवैध परिवहन भी होने लगा है। अभनपुर मंडी क्षेत्र में शुक्रवार को विद्या मंदिर परसदा के पास से एक वाहन को पकड़ा गया और उसकी जांच की गई, तो उसमें 80 क्विंटल धान बरामद किया हुआ। गाड़ी में सरना चावल से भरे 2 सौ कट्टे मिले हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाया जा रहा था। इस मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन भी वाहनों से अवैध धान परिवहन किया जा रहा है, तो उन वाहनों के धान को जब्त किया जा रहा है। इससे पूर्व भी जिले में कुछ जगहों पर अवैध धान परिवहन करती गाड़ियां पकड़ी गई हैं।

# अब पाइपलाइन से आई गैस से चलेंगे चूल्हे, एक लाख घरों को मिलेंगे सीएनजी कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

- प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति
- शहर में वाहनों की ईंधन आपूर्ति होगी सीएनजी स्टेशन से



रायपुर के निवासियों के लिए अब एक नई और महत्वपूर्ण सुविधा शुरू होने जा रही है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के दिशा निर्देश अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की पहल पर भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड एवं रायपुर शहर के लिए अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से रायपुर शहरवासियों को अगले वर्ष 2025 के दौरान प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति होगी। यह सुविधा घरों में कनेक्शन के माध्यम से वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से, औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र दिये जाने की तैयारी तेजी से जारी है। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में ये सुविधा दी जा रही है। बताया गया है कि रायपुर निगम आयुक्त को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई नागपुर झारसुगुडा प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से रायपुर शहर क्षेत्र में घरों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति एवं शहर क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति की अभिनव योजना पर कार्य निरंतर प्रगति पर है। वर्ष 2025 के दौरान रायपुर शहर में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन आपूर्ति से संबंधित योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन शासन के निर्देशानुसार करने की योजना है। इस योजना के राजधानी शहर रायपुर में क्रियान्वयन से शहर में प्रदूषण नियंत्रण का कार्य और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा एवं वायु गुणवत्ता में इससे शहर में सुधार क्रियान्वयन के माध्यम हो सकेगा। इसके माध्यम से राजधानी शहर में पर्यावरण संरक्षण का कार्य प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में भी परियोजना का काम जारी

जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 के दौरान भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से बिछाई जा रही मुख्य प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से वितरक लाईन रायपुर शहर क्षेत्र में इस हेतु अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से बिछाकर लगभग 1 लाख घरों में सीएनजी गैस आपूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाकर कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस हेतु प्राकृतिक गैस आपूर्ति पाईप लाईन बिछाकर घरों में की जायेगी एवं शहर में वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति हेतु सीएनजी स्टेशन खोले जायेंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस आपूर्ति करने का कार्य वर्ष 2025 के दौरान किये जाने की योजना पर कार्य प्रगति पर है। रायपुर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शासन की लोककल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये है।

## धान खरीदी पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

# बैज ने कहा- सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए
- धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इस बयान पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा, धान खरीदी के मामले में कांग्रेस लगातार झूठ बोलने का काम कर रही है।

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बैज ने कहा, सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जिन लोगों ने 14 नवंबर को धान बेचा था, उनके खाते में पैसा अब तक नहीं आया है। श्री बैज ने कहा, अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा है। सोसायटी में बारदानों की कमी है, किसान परेशान हैं। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं।

## किरण देव बोले- लगातार झूठ बोल रही कांग्रेस

### अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडों पर चल रहे कांग्रेसी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा, बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडे पर चल रहे हैं। श्री देव ने कहा, सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियां उड़ाईं तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे। कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे, तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फंसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

# फ्लोर मैक्स चिटफंड ठगी मामला : महिला आयोग ने जांच के लिए गठित की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कोरबा क्षेत्र की महिलाओं से फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा ठगी किए जाने के मामले को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है। आयोग ने इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम भी गठित की है, जिसमें शामिल आयोग की सदस्य सरला कोसरिया व लक्ष्मी वर्मा कैंप लगाकर पीड़ित महिलाओं से आवेदन लेकर उनकी शिकायतें सुनेंगी। कैंप कोरबा मुख्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था के बीच लगाया जाएगा। इसके लिए आयोग ने जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया है।

महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को कोरबा में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान आयोग को फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा महिलाओं से की गई ठगी किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद आयोग ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर इसकी जांच करने के लिए टीम गठित की है।

*पोते से दादी-दादा हर हफ्ते मिल सकेंगे : आयोग में एक अन्य प्रकरण आया था, जिसमें दादी-दादा से उसके पोते को मिलने नहीं दिया जा रहा था। एक महिला ने शिकायत की थी कि उसकी बहू उसके पोते को उससे और उसके पति से मिलने नहीं देती, जबकि महिला के बेटे की मृत्यु हो चुकी है और उसकी जगह उसकी बहू की नौकरी लगी है।*

### मकान पर कब्जा की शिकायत

आयोग में अन्य एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की है कि उसके मकान में एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। महिला ने बताया कि मकान पर कब्जा करने वाले व्यक्ति से उसके पति ने उधार पैसे लिए थे, जिसे किस्तों में वापस भी लौटा दिए है। इस बात की गवाही सुनवाई के दौरान महिला के पक्ष में गवाह द्वारा भी दी गई। आयोग ने कहा कि दोनों पक्षों के मध्य न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। ऐसी दशा में अंतिम निराकरण किये जाने के पूर्व एसपी और दिपका थाना से इस प्रकरण का पुलिस प्रतिवेदन मंगाया जाना आवश्यक है, क्योंकि इस प्रकरण में थाना पुलिस पर भी आरोप लगाए गए हैं। इसे देखते हुए आयोग इस प्रकरण में पुलिस प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अंतिम फैसला सुनाएगा।

# सीएम के निर्देश- दोपहिया के लिए हेलमेट, चारपहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग तय कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में की समीक्षा
- बस संगवारी एप किया लांच

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए।

### ब्लैक स्पॉट के सुधार में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया "बस संगवारी एप" लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया।

### स्कूली पाठ्यक्रम में यातायात का पाठ्यक्रम

बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है।

# वीआईपी सुरक्षा में लगे पीएसओ को एनएसजी कर रहे प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दिल्ली, गुड़गांव से एनएसजी की 14 सदस्यी टीम जवानों को प्रशिक्षण दे रही

वीआईपी सुरक्षा में लगे राज्य के पीएसओ को दिल्ली, गुड़गांव से एनएसजी की 14 सदस्यी टीम प्रशिक्षण देने इन दिनों रायपुर पहुंची है। पहले बैच में एनएसजी की टीम 100 पीएसओ को वीआईपी सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग दे रही है। पहला ट्रेनिंग सेशन 18 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित किया गया है। पीएसओ का प्रशिक्षण एडीजी, गुप्तवार्ता अमित कुमार के प्रयास तथा मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

एनएसजी के जवान पीएसओ को प्रशिक्षण देने के साथ ही आपातकाल से निपटने अति विशिष्ट व्यक्तियों के वाहन चालकों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं। वाहन चालकों को छह-छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपतकाल में वाहन चालकों को किए जाने वाले ड्रिल के बारे में जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम माना स्थित होमगार्ड्स ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें आपातकालीन परिस्थिति में वाहन चालकों तथा पीएसओ को क्या करना चाहिए, विस्तार से ड्रिल कर समझाया गया। डेमो ड्रिल में वीआईपी सुरक्षा वाहिनी के कमांडेंट हरीश राठौर, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के अधीक्षक राजकुमार मिंज, एआईजी सुरक्षा ज्ञानेंद्र अवस्थी के साथ एनएसजी प्रशिक्षण दस्ते के चीफ ग्रुप कमांडर राजीव पनवर उपस्थित रहे।

# कोरोनाकाल में बंद हुईं रेल सुविधाएं फिर से होंगी शुरू, एयरपोर्ट जैसा होगा रायपुर स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर



- वंदेभारत एक्सप्रेस में स्लीपर बोगी की सुविधा देने पर विचार, रेल मंत्री से की है चर्चा

कोरबा जाने के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन पर रुके रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में रेलवे का विकास हो रहा है। कोरोनाकाल के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों को दी जाने वाली जो सुविधाएं बंद हुई थीं, उन्हें पुनः प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 486 करोड़ की योजना के पूर्ण होने के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तर्ज पर होगा। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर ठहरकर यहां पूर्ण किए जा रहे विकास कार्य के बारे में जानकारी ली और मॉडल का जायजा लिया। इस दौरान मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन में जल्दी ही यात्रियों को स्लीपर की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री से चर्चा की गई है, जिस पर उन्होंने दिलचस्पी दिखाई है। रेल राज्य मंत्री ने संभावना जताई है कि मार्च-अप्रैल तक यह सुविधा प्रारंभ की जा सकती है। रेलवे द्वारा कोरोना आपदाकाल के दौरान सीनियर सिटीजन सहित अन्य यात्रियों को किराए में छूट दिए जाने का प्रावधान बंद कर दिया था। इसके साथ अन्य योजनाओं को भी शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेल हादसों को रोकने के लिए केंद्र सरकार काम काम कर रही है और इसका स्थायी समाधान खोजा जा रहा है।

आने वाले दिनों में रायपुर रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरबा से वापसी के दौरान वे रायपुर रेलवे स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे। रेलवे के विकास में सभी अधिकारी-कर्मचारी मिलकर काम कर रहे हैं।

### विकास ने विभिन्न मांगों पर सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना को विभिन्न मांगों पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि सरोना रेलवे स्टेशन का विस्तार किया जाए, साथ ही अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस, सारनाथ और अमरकंटक एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी का स्टॉपेज घोषित किया जाए। नया रायपुर में राज्य शासन से रेलवे को 18 एकड़ जमीन आबंटित है, वहां पर ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए कोचिंग डिपो बनाया जाए। राज्य की राजधानी रायपुर से राजधानी एक्सप्रेस चलाने का प्रावधान है लेकिन, मेंटेनेंस की सुविधा नहीं होने से बिलासपुर से चलाई जा रही। रेलवे क्रासिंग सिलयारी, हीरापुर, उरकुरा, बैकुंठ स्टेशन सेक्शन में ओवरब्रिज बनाने का बजट राज्य शासन में स्वीकृत है, लेकिन रेलवे की जटिल प्रक्रिया की वजहों से ड्राइंग डिजाइन की स्वीकृति में कई महीने बीत जाते है, उसमें सुधार लाया जाए। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार 9 विशेषज्ञ और 10 चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। नौ विशेषज्ञ और 10 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। नौ चिकित्सा विशेषज्ञ और दस चिकित्सा अधिकारियों को विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। उन्होंने कहा कि नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। जारी आदेश में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रमन जोगी को जिला अस्पताल बिलासपुर, डॉ. योगेश कुमार शर्मा जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ आकांक्षा गुप्ता जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ नवनीत सिंह ठाकुर जिला अस्पताल (एसएनसीयू) कबीरधाम, डॉ. भावना चौरे जिला अस्पताल खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, डॉ नीरज कुमार जिला अस्पताल मुंगेली, डॉ अनिल खापर्डे एवं डॉ उमा खापर्डे को सीएचसी चिरमिरी, डॉ राजभान प्रजापति जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है। इसके साथ ही बस्तर संभाग में संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ आरूषि शर्मा, डॉ. अंकित सिंह राजपूत, डॉ, भुनेश्वर नेताम, डॉ शिवानी कोर्राम, डॉ, सुब्रत मल्लिक, डॉ. आकांक्षा दारियो, डॉ. रोहिणी राणा, डॉ. यामिनी कांगे, डॉ. अनिल कुमार पटेल व डॉ कुनाल सिंह साहू को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

# खेल ज्योति रैली से शुरू होगी क्रीड़ा प्रतियोगिता शामिल होंगे 40 राज्यों के एक हजार खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर में 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज खेल ज्योति रैली से होगा। 28 से 31 दिसंबर तक होने जा रही प्रतियोगिता में तीरंदाजी के साथ किसी एक खेल को इसमें शामिल जाता है। इस क्रम में इस साल फुटबाल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर को जयस्तंभ चौक से साइंस कॉलेज तक एक विशाल खेल ज्योति रैली निकालकर की जाएगी। इसमें केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में 40 से अधिक राज्यों के 1000 से अधिक वनवासी खिलाड़ी भाग लेंगे। इस साल के लिए बनाई गई स्वागत समिति के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, सचिव अमर बंसल, अनुराग जैन, पी. रामनाथ कश्यप, अतुल योगी ने संयुक्त रुप से पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। आगे बताया कि इस क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 27 दिसंबर से सभी प्रतिभागियों का पंजीयन शुरू हो जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध वनवासी विकास समिति के छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा किया जा रहा है।

इसमें देश के वनांचल क्षेत्र के सैकड़ों ऐसे खिलाड़ी शामिल होंगे जो पहली बार ट्रेन का सफर करके रायपुर पहुंचेंगे।

### 29 को होगा सांस्कृति आयोजन

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता के विभिन्न आयोजनों को साइंस कॉलेज मैदान, रविवि के खेल विभाग के मैदान के साथ कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में भी आयोजित किया जाएगा। 28 दिसंबर को प्रतियोगिता का आरंभ होगा, वहीं 31 दिसंबर को साइंस कॉलेज मैदान में इसका समापन होगा। प्रतियोगिता के बीच 29 दिसंबर को एनआईटी मैदान में विभिन्न राज्यों के जनजातीय प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिभागियों के लिए मातृहस्त भोजन होगा। इसमें 500 से अधिक परिवारों की सहभागिता होगी। समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रियों को आमंत्रित किया है।

# सड़कें, सामुदायिक भवन के लिए मूणत ने दिए 64 लाख

**रायपुर ।** रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत ने खमतराई के लोगों की जरूरत के आधार पर वीर शिवाजी वार्ड में सड़कें-नालियां और सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए 64 लाख रुपए दिए हैं।

उन्होंने सभी कार्य शुरू भी करवा दिए और नगर निगम अफसरों से कहा, जितने भी काम शुरू हुए हैं, सभी समय पर पूरे होंगे तो लोगों को जल्दी सुविधा मिलेगी। इससे पहले रायपुर पश्चिम के दर्जनभर वार्डों में मूणत करोड़ों रुपए से स्कूलों का जीर्णोद्धार तथा बुनियादी सुविधाओं से जुड़े दर्जनों कार्य शुरू करवा चुके हैं और इनमें से कुछ पूरे हो गए या होने वाले हैं। अधोसंरचना तथा अन्य मदों से फंड मंजूर करने के लिए मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया है। वीर शिवाजी वार्ड में जब वे 64 लाख रुपए के कार्यों के साथ पहुंचे, तो भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और उनका स्वागत किया। सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए खमतराई सामुदायिक भवन में दूसरे माले का निर्माण कार्य मंजूर करवाया और फिलहाल 10 लाख रुपए का फंड दियाहै। नीम डबरी इलाके में कंक्रीट रोड और नालियों का 17 लाख रुपए का काम और साहूपारा इमली पेड़ के पास सीसी रोड और नाली के लिए उन्होंने 10 लाख रुपए के काम का भूमिपूजन भी कर दिया।

## खबर संक्षेप



### तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि तालाब के आसपास जगह पर एक घंटा से साफ-सफाई की गई। रात को शराब की बोतल को मुक्तिधाम एवं तालाबों के पचरी में तोड़फोड़ कर रहे हैं। इससे लोगों को सुबह से नहाने में परेशानी हो रही है। मुकेश चंद्राकर ने पुलिस प्रशासन से रात्रि 11 बजे तक पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की है।



### 15 श्रमिक महिलाओं का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** अपराजिता वीं क्लब महासमुंद डिस्ट्रिक्ट 323 जी 3 द्वारा स्वसहायता समूह की 15 श्रमिक महिलाओं को साड़ी एवं श्रृंगार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयर वीं निरंजना चंद्राकर, लता चंद्राकर, ऐश्वर्या तिवारी, अध्यक्ष ममता जायसवाल, सचिव कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नीलम जायसवाल, नैनी साधना सिंह, अन्नु चंद्राकर, निर्मलता चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर सहित क्लब के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वी नैनी साधना सिंह ने किया।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में छग बालक-बालिका वर्ग ने लहराया परचम



**महासमुंद।** राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक वर्ग टीम ने हरियाणा की टीम एवं छत्तीसगढ़ बालिका वर्ग ने दिल्ली की टीम को अपने खेल का जोरदार प्रदर्शन करते हुए विजय का परचम लहराया। जिला स्तरीय हैंडबॉल, राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के सोपानों पर विजय परचम लहराते हुए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका टीम ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया।

## पेज 09 के शेष

### खेलकूद स्पर्धा में ...

रमा मढ़रिया, अजय निर्मलकर, गोलूजी, ललित वर्मा, राजकपूर, हरीश, बिरेन्द्र, पंकज, स्वातीस्वर्णी, छाया, पूर्णिमा, तमन्ना, गिरजापल्लवी, सीमा दुर्गा, योगिता सिन्हा सहित सैकड़ों अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

### किसान का बेटा...

समाज पलारी राज के राज प्रधान रामखिलावन वर्मा, वरिष्ठ केन्द्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, केन्द्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा, मंत्री जीवराखन वर्मा, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर वर्मा, केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल , विपिन बिहारी वर्मा शामिल हैं।

## कार्य : विभिन्न लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# धान खरीदी केंद्रों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं, किसान हित में हो कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शुक्रवार को झलप- पटेवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पटेवा, खट्टा, तोरला और झलप को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली।

सबसे पहले विधायक ग्राम पटेवा पहुंचे, जहां पहले धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किसानों से भेंट मुलाकात की। किसानों के समक्ष ही विधायक ने धान तौलकर दिखाने कहा। साथ ही समिति प्रबंधक और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। किसानों के हित में ही कार्य होना चाहिए। साथ ही उनके लिए पेयजल आदि की सुविधा भी होनी चाहिए। इस दौरान किसान गैनू यादव ने बताया कि उन्हें किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है, जिस पर विधायक सिन्हा ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को तत्काल समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। फिर वे पटेवा में ही सीसी रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, झनक लाल साहू, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, समिति अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा, सुनिल पटेल, मनोहर साहू, टीकाराम पटेल, विकास अग्रवाल, राजेंद्र गंगवंशी, जयशंकर पैकरा, लीलाधर नायक, पप्पू गजेंद्र, शिव नंदे सहित किसान उपस्थित थे। इसके बाद ग्राम खट्टा में कंवर समाज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम मं, पहुंचे। विधि विधान से भवन का लोकार्पण किया। वहीं स्कूल के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में विकास की गति तेज हो गई है। डबल इंजन सरकार के चलते राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस दौरान खेमलता पैकरा, जयशंकर पैकरा, डुमेश देवांगन, प्रेमसिंह दीवान, रविशंकर पैकरा, रामशरण दीवान, जगन्नाथ पटेल, सुनिल दीवान, गजेंद्र दीवान, दयानंद दीवान, विष्णु पटेल, कांति दीवान, गोपाल नायक, दिलीप नायक एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।



### तोरला एवं झलप में भी रहे शामिल

इसके बाद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम तोरला पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित सीसी रोड का उद्घाटन किया। साथ ही ग्रामीणों से भेंट मुलाकात भी की। इसके बाद ग्राम झलप में सीसी रोड उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सम्मी सलूजा, किशन कोसरिया, देवा नायक, सुनिल पटेल, बलविंदर सिंह सिट्टू सलूजा, सागर साहू, रूपलाल पटेल, कमल कौशिक देवेंद्र राय, समीर खान, भोजराम ध्रुव, भरत ध्रुव, डोमन यादव, छविंद्र पटेल, सतीश कुर्रे, कौशिक ध्रुव, विजय साहू, महेश देवांगन, गज्जू ध्रुव, ललित पटेल, रोशन साहू, कन्हैया ध्रुव, तुलसीराम साहू, अशोक साहू, मनोज पटेल, जनक पटेल, तारा पटेल, गायत्री पटेल, त्रिवेणी, लवकुश, केवरा बाई पटेल, पद्मिनी साहू, गुड्डी चावला, परमानंद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# धान नहीं खरीदने का षड़यंत्र कर रही राज्य सरकारः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर

- किसानों से कम धान खरीदी करना चाहती है राज्य सरकार



ने कहा कि सरकार धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है। साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से कम धान खरीदी करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिए उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है। जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रही है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रही है। रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सोसाइटियों में बारदाना की कमी है, इससे किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। वहीं धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इसे मिलाकर धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए राज्य सरकार को करना चाहिए।

# चंडीमाता मंदिर, भूतेश्वर नाथ मंदिर का कॉलेज के छात्रों ने किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल के संरक्षण एवं यूके बरिहा और डॉ. आरएस पटेल के नेतृत्व में महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के प्रथम चरण में घुंचापाली में स्थित देवी मां चंडीमाता का दर्शन का कराया गया तथा उससे संबंधित जानकारी को बताया गया। तत्पश्चात गरियाबंद में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिव मंदिर भूतेश्वरनाथ का दर्शन कराया गया तथा वहां के निवासियों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। यह मंदिर का निर्माण एवं पूजा आराधना की स्थिति के बारे में पूछा गया। अंतिम चरण में छत्तीसगढ़ के गंगा के रूप में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल राजिम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां प्रत्येक वर्ष अर्धकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

महानदी के बीच में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर के बारे में दर्शन करा कर उसके ऐतिहासिक स्वरूप को बताया गया। नदी के दूसरी छोर में स्थित सातवीं शताब्दी में स्थापित भगवान राजीव लोचन के मंदिर का दर्शन कराया गया और उसके ऐतिहासिक स्वरूप के बारे में मंदिर पुजारी से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ अपने देश के गौरवशाली अतीत को जानने का अवसर भी प्राप्त होता है, विद्यार्थी नए परिवेश में जाकर अपने राज्य के ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आरएस पटेल द्वारा इस मंदिर के निर्माण के संबंध में कल्चुरी शासन और नल वंश के शासकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक आरती साहू एवं पूजा सोनी भी छात्र-छात्राओं के साथ सम्मिलित हुए।



### नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लंबर से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पतेरापाली में नवनिर्मित राठिया कंवर समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण व वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन 1 दिसंबर रविवार सुबह 10 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़, अध्यक्षता चातुरी डिग्री लाल नंद विधायक सरायपाली, विशिष्ट अतिथि उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, किस्मत लाल नंद पूर्व विधायक व लीलाबाई देवकुमार सिदार सरपंच लोहडीपुर होंगे। सभी राठिया कंवर समाज फुलझर के सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला...



**महासमुंद।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी मध्य विद्यालय नयापारा में विश्व एड्स दिवस पर 30 नवंबर शनिवार बैगलेस डे के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें विद्यार्थियों की रुचि अनुरूप डांस, लेखन, कविता आदि का आयोजन किया गया। इसके अलावा मानव श्रृंखला बनाकर स्कूली छात्रों ने जागरुकता अभियान चलाया।

### भट्ठा दलाल ने कट्टा दिखा पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी



**नर्रा।** कोमाखान थाना क्षेत्र में भट्ठा दलाल द्वारा एक पत्रकार को कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत कोमाखान थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा क्षेत्र के पत्रकार दिलीप शर्मा द्वारा समाचार डिजिटल मीडिया के प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया था। जिससे नाराज होकर भट्ठा दलाल जगत गुप्ता द्वारा अपने लठैतों के साथ शनिवार को समाचार संकलन में निकले दिलीप शर्मा को घेर कर हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही परिवारजनों को भी धमकाया गया। जिसकी शिकायत कोमाखान खाने में दर्ज कराई गई है। वहीं पत्रकार संघ ने भट्ठा दलाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



### छग मछुआ महासंघ के प्रदेश सयुक्त सचिव बने नंद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ रायपुर के प्रदेश कमेटी एवं प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष एमआर निषाद के अनुमोदन से नंद कुमार निषाद को प्रदेश के सयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जिससे निषाद समाज महासमुंद व खट्टी परिक्षेत्र के सामाजिकजनों में हर्ष और खुशी की लहर है। सामाजिक पदाधिकारियों ने नंद कुमार निषाद को गुलाल फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष भोला राम निषाद, पूर्व अध्यक्ष सीताराम निषाद, उपाध्यक्ष संतोष कुमार निषाद, महासचिव नरेश कुमार निषाद, मदन निषाद, जगदीश निषाद आदि मौजूद रहे। अपनी नियुक्ति पर नंद कुमार निषाद ने सभी सामाजिकजनों का आभार जताते हुए अपनी पद और जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने की बात कही।

### ईस्ट जोन विवि स्पर्धा के लिए कराते खिलाड़ियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवंबर को आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में जिला कराते संघ के 3 खिलाड़ी प्रवीण कुमार मलिक (काता), चंचल सिंह-50 किग्रा तथा देव कुमार साहू 84 किग्रा में का चयन विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी 1 दिसंबर को नार्थ ईस्ट जोन कराते प्रतियोगिता में पं.रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी कोच लालू सोनवानी के साथ चंडीगढ़ जाएंगे। आनंद कुमार, संदीप चौधरी, मनीष श्रीवास्तव, भोज राम विश्वकर्मा, विकास दास आदि ने हर्ष जताया है।

# नशामुक्त भारत बनाने फॉर्च्यून फाउंडेशन ने निकाली जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नशामुक्त भारत बनाने के लिए फॉर्च्यून फाउंडेशन द्वारा ग्राम प्रेतनडीह के बाद बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बागबाहरा कला में जागरुकता रैली एवं संपर्क अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण के दिशानिर्देशानुसार किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष निरंजन साहू एवं फॉर्च्यून स्कूल के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के नेतृत्व में बागबाहराकला में नशामुक्त भारत जागरूकता रैली निकाल कर ग्राम भ्रमण किया तथा तालाब पर स्थित चौक में नुक्कड़ कार्यक्रम किया गया। निरंजन साहू ने नशामुक्त भारत अभियान के बारे में बताया तथा बीड़ी, सिगरेट, तंबाखू, शराब, गुटखा से दूर रहने प्रेरित किया। डॉ पाणिग्राही ने कहा कि नशा नाश का कारण है, इससे घर, परिवार, स्वास्थ्य, सम्मान सब कुछ बर्बाद हो जाता है। आखिरी में पछताने के सिवाय कुछ नहीं बचता। इसलिए नशे से दूर रहे। प्रधान पाठिका संगीता साहू एवं युवराज दीवान सहायक शिक्षक ने भी संबोधित कर ग्रामवासियों को नशा छोड़ने अपील की।




## स्वच्छता के लिए शिक्षकों व छात्रों को दिलाई गई शपथ

# बेमचा स्कूल में विशेष स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता के महत्व और इससे जुड़ी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। गोष्ठी में जनपद पंचायत के ब्लॉक समन्वयक नितेश प्रजापति ने अपने संबोधन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) अभियान, और स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले



विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने और जागरूकता फैलाने की अपील की। इसके बाद स्काउट मास्टर तुलेंद्र सागर ने अपने उत्साहपूर्ण और प्रेरक भाषण के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल हमारा व्यक्तिगत दायित्व नहीं है, यह एक सामूहिक प्रयास है जो हमारे समाज और देश की प्रगति का आधार बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे कदमों, जैसे कचरे को सही स्थान पर डालना, गंदगी न फैलाना और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता किरण पटेल ने विद्यार्थियों को नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख एसएल पाटकर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का संकल्प तभी सफल होगा जब हम इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही स्वच्छता के लिए शपथ लिया गया। स्वच्छता गोष्ठी में प्राचार्य एसएल पाटकर, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, यागेश ध्रुव, कार्यालयीन स्टॉफ व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भाजपा का मंडल अध्यक्ष 45 और जिलाध्यक्ष 60 साल से ज्यादा का नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा का संगठन चुनाव प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में बूथ कमेटियों का चुनाव हो जा रहा है। इसके बाद 1 दिसंबर से मंडल अध्यक्ष और फिर 15 दिसंबर से जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने फैसला किया है, मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा का नहीं होना चाहिए। इसी तरह से जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल की आयु सीमा तय की गई है। मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

भाजपा का अब भी सदस्यता अभियान चल रहा है। वैसे सदस्यता अभियान का समापन 15 नवंबर को हो जाना था, लेकिन अभी राष्ट्रीय संगठन ने इसको 30 नवंबर तक चलाने का फैसला किया है। प्रदेश भाजपा संगठन को 60 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। यह लक्ष्य अभी पूरा नहीं हो सका है। सदस्यता अभियान के साथ ही बूथ कमेटियों का चुनाव प्रारंभ हो गया है। 30 नवंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बनाने का लक्ष्य है।

## कार्यकारिणी में पदाधिकारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं




### हर वर्ग को दिया जाएगा मौका

प्रदेश में भाजपा के 405 मंडल हैं। इनमें 1 से 15 दिसंबर तक चुनाव होगा। मंडल अध्यक्ष बनने के लिए यह जरूरी होगा कि अध्यक्ष पद का दावेदार कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य हो। पहले संगठन में मोर्चा, प्रकोष्ठ या मंडल में ही किसी पद पर रहा हो। इसी के साथ सबसे बड़ी बात मंडल अध्यक्ष का दावेदार किसी भी हाल में 45 साल से ज्यादा का नहीं होना चाहिए। 45 साल से ज्यादा के दावेदारों में से किसी को भी मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष के साथ ही एक मंडल प्रतिनिधि का भी चुनाव किया जाएगा। ये दोनों मिलकर जहां अपनी कार्यकारिणी बनाएंगे, वहीं जब जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा तो इन दोनों को ही मतदान करने का अधिकार रहेगा। मंडलों के बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा। जिलाध्यक्षों के लिए आयु सीमा 60 साल तय की गई है। तीन-तीन जिलों को मिलाकर पर्यवेक्षक और ऑब्जर्वर भी बनाएं जाएंगे। कुल मिलाकर एक दर्जन पर्यवेक्षक बनाएं जाएंगे। ये दावेदारों से बात करके सहमति से किसी एक दावेदार को अध्यक्ष तय करेंगे। इसके लिए जिलों के सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेताओं के साथ रायशुमारी भी की जाएगी। हर जिले की स्थिति के हिसाब से हर जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### आयु सीमा तय

मंडल और जिलाध्यक्षों के लिए राष्ट्रीय संगठन ने आयु सीमा तय की है। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए आयु का बंधन नहीं है।

**- खूबचंद पारख**
प्रदेश प्रभारी, संगठन चुनाव

## खबर संक्षेप

### बैंककर्मी की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बाइक चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी व इमलीभाठा निवासी चंदन कुमार कहार ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को बैंक में ड्यूटी ऑफ होने के बाद करीब 7.30 बजे बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक सीजी 06 जीडी 5400 वहां नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सीजीपीएससी की परीक्षा में जिले से दो चयनित



**महासमुंद।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के दो होनहार परीक्षार्थियों ने न ही सफलता हासिल की, जबकि एक ने राज्य में 5वां रैंक हासिल किया तो दूसरे ने 22 वां रेंक।बसना के ग्राम बड़े साजापाली निवासी नंदनी साहू छग लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी में राज्य में 5वां रैंक हासिल कर टॉपर बनीं। नंदनी का यह दूसरा प्रयास था। परीक्षा में 5वां रैंक हासिल करने के साथ ही वह डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। इससे पहले उन्होंने पहले प्रयास में 182वां रैंक हासिल किया था। नंदनी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई। स्नातक की पढ़ाई कम्प्यूटर साइंस में पं रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से पूरी की। वे अपनी सफलता का श्रेय मां रामप्यारी साहू व पिता स्व. मेघनाथ साहू के साथ ग्रामवासियों को देती है। वहीं छग लोक सेवा आयोग द्वारा ही आयोजित सीजीपीएससी में बेलसोंडा निवासी अभिषेक चंद्राकर का चयन हुआ है। उन्होंने लगातार तीसरी बार मुख्य परीक्षा पास कर 22वां रैंक प्राप्त किया है। अभिषेक के पिता मूलतः किसान भूषण चंद्राकर और मां मंजू चंद्राकर गृहिणी हैं।

### छिपियापारा में चोपड़ा ने वार्डवासियों से की चर्चा

**महासमुंद।** बीते शुक्रवार की सुबह पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने शहर के छिपियापारा वार्ड के कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों से मुलाकात कर चर्चा की और चल रहे रोड निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। बता दें कि छिपियापारा वार्ड में रोड निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसका औचक निरीक्षण करने डॉ. चोपड़ा पहुंचे। साथ ही वार्डवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की गई। रोड निर्माण के संबंध में बातचीत कर वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में आवागमन के लिए बन रहे नए रास्ते पर रोड निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि नए रास्ते के बन जाने के बाद लोगों को स्वास्थ्य केंद्र तक आने जाने में सुविधा होगी। इस दौरान डॉ. चोपड़ा के साथ पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा नेता महेंद्र सिका, भाजपा कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित थे।

### छात्रों को दी गई गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी

**सरायपाली।** शासकीय हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना के छात्रों को एक गैस एजेंसी द्वारा गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को गैस सुरक्षा संबंधित पांच मंत्र बताए गए। जिनमें चूल्हे को हमेशा सिलेंडर के ऊपर रखना, डिलीवरी के समय सील पैक सिलेंडर ही लेना, सुरक्षा पाइप को समय-समय पर बदलना, आग लगने पर बुझाने के उपाय की जानकारी दी गई। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि खाना बनाने के लिए पहले जलाऊ लकड़ी का उपयोग करने से महिलाएं धुंआ से परेशान रहती थी तथा आंखों में जलन की शिकायत होती थी। अब उससे मुक्ति मिली है। पइस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता केके साहू, प्रधान पाठक एवं समन्वयक टीआर पटेल, शिक्षक एके पटेल, एसके पटेल, महावीर भोई, कैलाश कमार, एसआर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने 101 छात्राओं को बांटी साइकिल

# साइकिल मिलने से छात्राओं के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण ग्राम दतरेंगी में 80 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोडतरा में 21 छात्राओं को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने साइकिल वितरण किया। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत भाटापारा विकासखण्ड में ग्राम दतरेंगी एवं बोडतरा विद्यालयों के छात्राओं को साइकिल वितरण की गई है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा बेटियां है तो कल है, बेटियां पढ़ेगी विकास गढ़ेगी।सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना है। शिवरतन शर्मा ने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें, जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों को स्कूल आने में परेशानी ना हो, इसके लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत बेटियों को साइकिल वितरण की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार की मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है।

शिवरतन शर्मा ने सायकिल वितरण के साथ साथ ग्राम बोडतरा विद्यालय परिसर में बने अतिरिक्त कक्ष निर्माण, रंगमंच निर्माण एवं ग्राम लेवई में बने महामाया मंदिर निर्माण कार्यों का क्षेत्रवासियों के साथ लोकार्पण किया। इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित कर शिवरतन शर्मा ने डबल इंजन भाजपा सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी एवं विकास कार्यों के लिए बधाई दी।

### क्षेत्र में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया




### मोदी की गारंटी पूरी कर रही प्रदेश सरकार

शिवरतन शर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी में किये वादों को पूरा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। इस अवसर पर ग्रामों के जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण सहित ग्रामवासी एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित थे।

# आयुष्मान कार्ड के लिए 70 बुजुर्गों का पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदन अब 70 साल वालों को मिलेगा 5 लाख का आयुष्मान कार्ड। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार ने 70 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले हर स्त्री पुरुष चाहे वह किसी भी आय वर्ग का हो, का नया आयुष्मान कार्ड बनाना प्रारम्भ कर दिया है। इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के वृद्धा आश्रम में विशेष शिवर का आयोजन कर बुजुर्गों का 5 लाख का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इस प्रकार विप्र समाज के सहयोग से पं. वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में नगर के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी समाज वरिष्ठ नागरिकों ने शामिल होकर 5 लाख का आयुष्मान पंजीयन कराए। शिविर में 70 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया।

# नपं अध्यक्ष ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने बी टी रोड डामरीकरण का भूमि पूजन किया। विदित हो कि नगर के आम जनता की मांग थी कि यह नहर से जनपद कार्यलाय तक रोड का डामरीकरण हो। इस मांग को पूरा करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने भूमि पूजन किया। इस रोड के डामरीकरण से लोगों को आने जाने में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर सीएमओ जितेन्द्र पटेल, पार्षदगण, ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, डॉ. जाल, सुभाष वर्मा, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, पार्षद प्रतिनिधि भुषण ठेठवार, भाजयुमो अध्यक्ष भोला वर्मा, भीम सेन, नरसिंह कौशले, दुर्गेश सेन, धनेश धीवर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### सुविधा बनी किसानों के गले की फांस, सर्वर एवं एप में समस्या से टोकन काटने में आ रही दिक्कत

**महासमुंद।** समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को समितियों के चक्कर से बचाने टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप की सुविधा दी गई है। लेकिन, सर्वर डाउन होने और एप में तकनीकी समस्या के कारण जिले के किसानों को टोकन काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि किसान टोकन एप में टोकन कटना सुबह 9.30 बजे शुरू होता है। प्रारंभ में एप खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है तो कुछ ही क्षणों में खरीदी की सीमा समाप्त होने का संदेश आता है। खरीदी की लिमिट के कारण इस एप से टोकन किसानों के हाथों तक नहीं पहुंच रहा है। अधिकांश टोकन मोबाइल एप से जारी किए जा रहे हैं। शासन द्वारा देरी से धान की खरीदी शुरू करने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है। जिससे खरीदी केंद्रों की लिमिट जल्दी खत्म हो जा रही है और बचे हुए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से किसानों को धान की कटाई-मिंजाई छोड़कर समितियों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं अधिकतर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसान के पास एंड्रायड फोन होने के बाद भी उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने के लिए च्वाइस सेंटरों के चक्कर लगाना पड़ रहा है।

# जलवायु परिवर्तन से फसलों में बढ़ रही बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा एवं शिक्षक वर्मा ने छात्रों को बताया कि जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव खेती पर पड़ता है। क्योंकि तापमान, वर्षा आदि में बदलाव से मिट्टी की क्षमता, कीटाणु और इससे फैलने वाली बीमारियां अपने सामान्य तरीके से बढ़ रही है। गर्म मौसम होने के कारण वर्षा का चक्र प्रभावित होता है। जंगल एवं वन्य जीव पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हमें ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। बिजली की बचत करनी चाहिए, क्योंकि ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के कारण ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन होता है और यही गैस जलवायु परिवर्तन के प्राथमिक कारणों में से एक है। हम अपने घर और स्कूलों में बिजली को बहुत तरीकों से बचा सकते हैं। जरूरत न पड़ने पर और रूम से बाहर जाते वक्त लाइट व सेटअप बॉक्स को रिमोट से नहीं बल्कि स्विच से बंद कर सकते हैं। स्कूल, घर व भवनों में सी एफएल या एलईडी डिस्प्ले का इस्तेमाल कर सकते हैं। घरों और स्कूल भवनों में सोलर पेनल का उपयोग कर ऊर्जा संरक्षण कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में 20वीं बटालियन की टोली तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

असम रायफल ट्रेनिंग सेंटर दीमापुर, नागालैंड में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय पोलिस बैंड प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय स्थित 20वीं बटालियन की 23 महिला आरक्षकों की टोली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि प्रदेश का यह एक मात्र महिला बटालियन है, जो महासमुंद जिला मुख्यालय में (भारत रक्षित वाहिनी) छसबल 20वीं बटालियन के नाम पर है। इन टोली ने अपने बैंड का नाम बैगपाइपर टीम रखा है। महिला आरक्षकों की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ पुलिस का राष्ट्रीय स्तर पर डंका बजाया है। बता दें कि इससे पूर्व साल 2023 में गुजरात में आयोजित 24वें आल इंडिया बैंड प्रतियोगीता में टीम ने बेहतर प्रदर्शन तो किया था, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप सफलता न मिलने पर बैगपाइपर टीम ने और बेहतर करने के प्रयास में कड़ी मेहनत की और इस साल तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# नवापारा स्कूल में एनसीसी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में एनसीसी की शुरुआत हुई है। कैडेट्स को वर्दी में देखकर देश सेवा के लिए विद्यार्थी सैनिक बनने प्रेरित हो रहे हैं।

विदित है कि इस स्कूल से शहीद मिथलेश साहू, टेकराम वर्मा और नवीन कुमार सोनी जैसे वीर सपूत निकले हैं। विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन, खेलकूद, स्काउट गाइड्स के अलावा एनसीसी की शुरुआत होने से विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों और पालकों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में नियमित रूप से एनसीसी का पाठ्यक्रम व परेड प्रशिक्षण चल रहा है।

इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व एनसीसी केयर टेकर अधिकारी वीरेंद्र पटेल ने बताया कि 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर द्वारा विद्यालय को 50 कैडेट्स की वैकेंसी मिली है, जिसमें इस सत्र 25 कैडेट्स का पंजीयन हुआ है। इसमें बालक एवं बालिकाएं दोनों शामिल हैं। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, प्राचार्य गणेश राम घीतकर, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, नवापारा सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, पुलिस थाना हथबंद और समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

### पड़ावों पर चाय नाश्ते एवं लंगर की व्यवस्था की गई

# पंजाबी गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा ने किया अमरकंटक यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा समिति द्वारा सिक्ख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव की चरण छोह धरती अमरकंटक हेतु समस्त श्रद्धालुओं के लिए एक धार्मिक यात्रा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए, जिसे समाज वरिष्ठ भागसिंह सलूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा, बटी छाबड़ा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह यात्रा 30 नवंबर को रवाना हुई, जो 1 दिसम्बर सायं भाटापारा वापस पहुंचेगी। समाज के वरिष्ठजनों जिनमें बुजुर्ग माताओं का उत्साह इस यात्रा का आकर्षण का केन्द्र रहा।

सभी श्रद्धालुगण गुरबाणी के शबद कीरतन करते हुए इस धार्मिक यात्रा का आनंद लिए।

श्रद्धालुओं के लिये यात्रा में अनेक पड़ावों पर चाय नाश्ते एवं लंगर की व्यवस्था रखी गई।

अमरकंटक पहुंचने पर समस्त श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारा साहिब में ठहरने एवं लंगर की उत्तम व्यवस्था की गई है। यात्रा अवसर पर अध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह सलूजा, अरूण छाबड़ा, अमन छाबड़ा, राजा सिंह टूटेजा, कन्हैया सेठी, बेअंत सिंह, राजेन्द्र छाबड़ा, जसमीत सिंघ, रघबीर मक्कड़, भाग सिंहसलूजा, इंदरजीत सिंघ राणा, हरभगवान सिंह गुम्बर, राजा गुरभेज सिंह गुम्बर, बलविंदर सिंह, हरीश राजपाल, राजकुमार छाबड़ा, हजूरी रागी साहबान, हरजीत खालसा, संतोष आनंद का सहयोग एवं मार्गदर्शन इस धार्मिक यात्रा का प्रमुख केन्द्र रहा। पंजाबी गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के वरिष्ठ गुलशन सचदेव, महेन्द्र सिंघ सलूजा, भगतसिंह छाबड़ा, नरिन्दर सिंघ बाली, हरभगवान छाबड़ा आदि ने सभी यात्रियों को कुशल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

